# लोकहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण संकल्प, 2004 (पी.आई.डी.पी.आई.)

| | |
|---|---|
| **पी.आई.डी.पी.आई. क्या है ?** | • पी.आई.डी.पी.आई. भारत सरकार का एक संकल्प है.<br>• इसके अंतर्गत दर्ज की गयी सभी शिकायतों में शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है. |
| **पी.आई.डी.पी.आई. के अंतर्गत शिकायत कैसे दर्ज की जाती है ?** | • समस्त शिकायतें सचिव, मुख्य सतर्कता आयोग को संबोधित की जाए एवं लिफाफे के ऊपर "पी.आई.डी.पी.आई. (PIDPI)" का अवश्य उल्लेख किया जाए.<br>• शिकायतकर्ता का नाम एवं पता लिफाफे पर न लिखें परंतु बंद लिफाफे के भीतर शिकायतपत्र में लिखें. |
| **शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखने संबंधी दिशानिर्देश** | • यदि शिकायतें शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से संबंधित है अथवा जो किसी अन्य प्राधिकारी को संबोधित की गयी हैं तो पहचान के प्रकटन का जोखिम बढ़ जाता है.<br>• शिकायत को खुले लिफाफे में न भेजी जाए और न ही किसी सार्वजनिक पोर्टल के माध्यम से भेजी जाए .<br>• ऐसे दस्तावेज़, जो पहचान प्रकट करते हों, को शिकायतपत्र के साथ संलग्न न किया जाए और न ही शिकायतपत्र में उल्लिखित किया जाए : उदाहरणार्थ - सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त दस्तावेज़.<br>• शिकायत की पुष्टि हेतु शिकायतकर्ता का नाम एवं पता लिफाफे के भीतर शिकायत पत्र में उल्लिखित किया जाए.<br>• शिकायतों को सम्यक पुष्टि के अभाव में बंद कर दिया जाएगा.<br>• बेनामी / छद्मनामी पत्रों का विचार नहीं किया जाएगा. |

**सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2023**

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.cvc.gov.in देखें